(b) Mankhurd-Balapur Railway Line Project: Cost of this project is beingshared between the State Government of Maha rashtra and the Railways in the propor tion of 67 per cent:33 per cent respectively.

2. Additional pair of lines between Bandra and Andheri; It is being fully funded by the Railways.

(c) In New Bombay, Mankhurd-Vashi section' of the Maflkhurd-Belapur Railway Line Project has been opened for traffic in May, '92. Work on the balance length from Vashi to Belapur is in progress.

(d) A new Passenger Terminal at Kurla has since been partially commissioned in November, 1991. Further work on this terminal tan be taken up only after the receipt of the final verdict of the High Court|Supreme Court about the disputed land.

A new Passenger Terminal at Bandra could b_e commissioned on 1-7-1992 only partially on account of the encroachments On its proposed approaches.

रेलवे आरक्षण के मामले में भ्रष्टाचार

1392. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि देश में रेलवे आरक्षण के मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है; और

(ख) सरकार द्वारा इसे रोकने के लिए किए गये प्रयासों का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) रेल आरक्षण में भ्रष्टाचार के कुछ मामले ध्यान में आए हैं।

(ख) (i) इस बुराई को रोकने के लिए समूचे देश में सतर्कता (विशेष दस्ता), रेलवे बोर्ड सहित सभी क्षेत्रीय रेलों के सतर्कता संगठनों द्वारा अचानक जांच की जाती है, तथा छापे मारे जाते हैं। आरक्षण/बुकिंग कार्यालयों और गाड़ियों में रेलवे बोर्ड के सतर्कता (विशेष दस्ता) सहित सभी क्षेत्रीय रेलों के सतर्कता संगठनों द्वारा वर्ष 1991 के दौरान 14798 जांचें और वर्ष 1992 (मई, 92 तक) के दौरान 6175 जांचें की गई थीं,

(ii) रेल अधिनियम, 1989 के तहत, गैर-कानूनी रूप से टिकट खरीदकर बाद में उन्हें अन्य व्यक्तियों को बेच देने वाले दलालों के लिए दण्ड में भारी वृद्धि की गई है।

(iii) समाचार पत्रों, दूरदर्शन, इश्तहारों आदि के माध्यम से जनता को शिक्षित किया जाता है कि वे अप्राधिकृत व्यक्तियों से टिकटें न खरीदें।

(iv) विशेषकर गर्मियों की भीड़-भाड़ के दौरान और दुर्गा पूजा/दशहरा/दिवाली के अवसरों पर आरक्षण कार्यालयों में कदाचारों की रोकथाम के लिए विशेष संगठित अभियान चलाए जाते हैं।

(v) वर्ष 1991 के दौरान जाली नामों से खरीदे गए रेल आरक्षण टिकटों की बिक्री में संलिप्त 2269 दलाल पकड़े गए थे। इसी प्रकार मई, 92 तक 983 दलाल पकड़े गए हैं।

(vi) वर्ष 1991 के दौरान विभिन्न गाड़ियों में 9153 यात्री जाली नामों से हस्तांतरित टिकटों पर यात्रा करते हुए पाए गए थे। चालू वर्ष में मई, 92 तक ऐसे व्यक्तियों की संख्या 2796 है। दलालों की गतिविधियों की रोकथाम करने और साथ ही यात्रियों को शिक्षित करने के लिए इन जांचों में वृद्धि की जा रही है।